Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title: Need to telecast Lok Sabha TV Channel across the country through private cable operators.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय सभापति महोदय, आपकी अनुमति से, इस सदन के माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विाय पर मैं अपनी बात रखना चाहूंगा। इस लोक सभा का टी.वी. चैनल अभी कुछ ही महीने पहले शुरू हुआ है और उसकी एक सलाहकार परिाद का भी गठन हुआ है, जिसके चेयरमैन सम्मानित अध्यक्ष हैं। मुझे उसमें मेम्बर होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्र थम बैठक में यह कहा गया कि इस चैनल को पूरे भारतर्वा में दिखाया जाए, लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जिसमें लगभग 16 से लेकर 22 करोड़ रुपए व्यय हुए हैं। सभी लोगों की यह मंशा रही है कि जो टी.वी. चैनल लोक सभा शुरू हुआ है, वह पूरे हिन्दुस्तान के दूरदराज इलाकों में दिखाया जाए। सदन के माननीय सदस्यों की भी यह मंशा रही कि कम से कम जो देश की सबसे बड़ी पंचायत, लोक सभा में हमारे प्रतिनिधि चुन कर आए हैं, वे किस तरीके से अपने क्षेत्र की बात, अपने क्षेत्र की समस्या और अपने क्षेत्र के विकास की बात रख रहे हैं, उनकी क्या परफोरमेंस है, उसे कम से कम उस क्षेत्र की जनता वहां देखे।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि कम से कम एक तरीके से सभी स्टेट्स के चीफ मिनिस्टर या वहां के मुख्य सचिव को एक पत्र सरकार की तरफ से जाना चाहिए कि इसे कड़ाई से लागू करें और जो भी हमारे पार्लियामेंट के मेम्बर्स हैं, उनके दूरदराज इलाके में, जहां भी प्राईवेट केबल ऑपरेटर्स हैं, वे लोक सभा चैनल को जरूर दिखाएं और यदि न दिखाएं तो उनका लाइसेंस रद्द किया जाए। मैं आपके माध्यम से सरकार से पुरजोर तरीके से मांग करता हूं कि इसकी व्य वस्था की जाए।